उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## थाना श्रीनगर क्षेत्र में संचालित डायल-112 पीआरवी पुलिस कर्मियों द्वारा एक ट्रक पलट जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पर पहुँच कर घायल को अस्पताल पहुंचाकर तत्काल सहायता प्रदान की गई, जिससे घायल की जान बचायी जा सकी।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल 112 पीआरवी वाहन द्वारा जनपदवासियों को प्राप्त इवेन्ट/सूचना पर तत्काल आपात सहायता मुहैया करायी जाती है, जिससे लोगो को उनके मध्य पुलिस बल की उपलब्धता को बोध होता है तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति में यह विश्वास होता है कि डायल-112 पीआरवी तत्काल उनकी शिकायत/समस्या के निवारण हेतु उपलब्ध होगी।

इसी क्रम में आज दिनांक- 13.10.2024 की रात्रि करीब 00.45 बजे थाना श्रीनगर क्षेत्र में संचालित डायल 112 पीआरवी 5823 को कालर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम बरा थाना श्रीनगर के पास एक ट्रक पलट गया है। प्राप्त सूचना पर पीआरवी उपरोक्त द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुँच कर देखा कि एक ट्रक जिसका नं0 CG04MZ9055 रोड के किनारे पलटा था जिसका ड्राइवर अमरदीप सिंह पुत्र मंगल कस्बा चटिया रहमत अली थाना कोलाडिया जनपद बरेली ट्रक में फसा हुआ था, जिसको पीआरवी कर्मियो द्वारा सकुशल ट्रक से बाहर निकाल कर मौके पर मौजूद एंबुलेंस से जिला अस्पताल महोबा भिजवाया गया। उक्त घटनास्थल को थाना प्रभारी श्रीनगर को सुपुर्द किया गया। पीआरवी की त्वरित कार्यवाही से घायल को अस्पताल पहुचाकर घायल की जान बचायी जा सकी । जनता द्वारा पीआरवी कर्मियों व यूपी 112 परियोजना की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।




**पीआरवी स्टाफ- पीआरवी 5821**

कमाण्डर – हे0का0 सत्यनारायण

उप कमांडर का0 शिवनारायण, पायलट- हो0गा0 रामप्यारे

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 13.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**थाना महोबकण्ठ क्षेत्र में संचालित डायल-112 पीआरवी पुलिस कर्मियों द्वारा एक एक्सीडेंट की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पर पहुँच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाकर तत्काल सहायता प्रदान की गई, जिससे घायलों की जान बचायी जा सकी।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल 112 पीआरवी वाहन द्वारा जनपदवासियों को प्राप्त इवेन्ट/सूचना पर तत्काल आपात सहायता मुहैया करायी जाती है, जिससे लोगो को उनके मध्य पुलिस बल की उपलब्धता को बोध होता है तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति में यह विश्वास होता है कि डायल-112 पीआरवी तत्काल उनकी शिकायत/समस्या के निवारण हेतु उपलब्ध होगी।

इसी क्रम में दिनांक- 12.10.2024 की समय करीब 16.42 बजे थाना महोबकण्ठ क्षेत्र में संचालित डायल 112 पीआरवी 4261 को कालर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम भरवारा थाना महोबकण्ठ के पास एक एक्सीडेंट हो गया है। प्राप्त इस सूचना पर पीआरवी उपरोक्त द्वारा तत्काल मौके पर जाकर घटनास्थल पर देखा गया कि एक बाइक का एक्सीडेंट हो गया हैं, जिसमे एक लड़का और एक औरत गम्भीर रूप से घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़े हुए हैं, जिनको पीआरवी उपरोक्त के कर्मचारियों द्वारा तत्काल 102 पर कॉल करके एंबुलेंस को बुलाया गया और घायलों को सीएचसी पनवाड़ी इलाज के लिए भेजवाया गया। पीआरवी की त्वरित कार्यवाही से घायलों को सही समय पर अस्पताल पहुँचा कर घायलों की जान बचायी जा सकी । जनता द्वारा पीआरवी कर्मियों व यूपी 112 परियोजना की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

**पीआरवी स्टाफ- पीआरवी 5821**

कमाण्डर – अभिषेक झा

पायलट- हो0गा0 राजेश कुमार



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.10.2024

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की संयुक्त पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 08 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध रुप से संचालित जुंआ/सट्टा की प्रभावी रोकथाम एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.09.2024 को श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नागेन्द्र कुमार नागर के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रथम पुलिस टीम ने मु0 विवेकनगर कस्वा व थाना कबरई के पास सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्तों से हारजीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.परशूराम कुशवाहा पुत्र कल्ला कुशवाहा उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मो0 गांधीनगर थाना कबरई जनपद महोबा 2.बच्चा कुशवाहा पुत्र रामकिशोर उम्र करीब 30 वर्ष निवासी मो0 राजीवनगर थाना कबरई जनपद महोबा 3.कमलेश कुशवाहा पुत्र किस्सू उम्र करीब 35 वर्ष निवासी मो0 गांधीनगर थाना कबरई जनपद महोबा 4.पन्नालाल कुशवाहा पुत्र किस्सू उम्र करीब 21 वर्ष निवासी मो0 गांधीनगर थाना कबरई जनपद महोबा 5.वासदेव कुशवाहा पुत्र बुद्धू कुशवाहा उम्र करीब 28 वर्ष निवासी मो0 गांधीनगर थाना कबरई जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जामा तलाशी 1050 रुपये, माल फड 3620 रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद होने पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 300/24 धारा 13 जुआ अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया।

इसी क्रम में उ0नि0 अजय प्रताप सिंह व उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम ने वर्मा तालाब के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.होरीलाल कुशवाहा पुत्र विशाल कुशवाहा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी मो0 किदवई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा 2.रामविशाल प्रजापति पुत्र श्री मंगलप्रसाद उम्र करीब 33 वर्ष निवासी मो0 किदवई नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा 3.लालबाबू पुत्र सुबेदार उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम बांकी थाना भरुआ जनपद हमीरपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके जामा तलाशी से 390 रुपये, माल फड 565 रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद होने पर अभियुक्तों के विरूद्ध मु0अ0सं0 301/24 धारा 13 जुआ अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रथम-

1. व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा
2. हे0कां0 अरविन्द कुमार 3. हे0का0 राजेन्द्र प्रसाद
4. कां0 अंकित पटेल 5. कां0 शैलेन्द्र सिंह

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम द्वितीय-

1. उ0नि0 अजय प्रताप सिंह 2. उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित
3. हे0का0 राजेन्द्र प्रसाद



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 13.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति" के फेज-5.0 अभियान के तहत जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए किया गया जागरुक-

उ0प्र0 पुलिस प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति" के फेज-5.0 अभियान के तहत 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों में गठित महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जागरुक किया गया।

अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम, उनके अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो एवं साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट के बारें में जागरुक कर साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे जागरूक करते हुए पम्पलेट वितरित किया गया।







